हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय

न्यू सेन्ट्रल होप टाउन, बायॅाखाला, शिशमबाडा देहरादून,
पिन– 248011 उत्तराखण्ड, भारत
वेबसाईटः www.hnbumu.ac.in ईमेलः info.hnbumu@gmail.com

नीट पी0जी0–2024 उत्तराखण्ड केन्द्रीयकृत काउन्सिलिंग के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

एम0सी0सी0, नई दिल्ली, भारत सरकार के नोटिस संख्या Ref. U-12021/05/2024-MEC दिनांक 04.01.2025 के द्वारा नीट पी0जी0–2024 की कट आफ परसेन्टाईल कम किये जाने के दृष्टिगत उत्तराखण्ड केन्द्रीयकृत नीट पी0जी0 2024 काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अर्ह अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए अभ्यर्थियों का पंजीकरण दिनांक 11.01.2025 को 02:00 बजे से आरम्भ किया जा रहा है। नीट पी0जी0–2024 में अर्ह अभ्यर्थियों हेतु पंजीकरण केवल एक बार ही किया जायेगा, आगामी चरणो के लिए पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जाएगी, पंजीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल 11.01.2025 से 13.01.2025 को सांय 08:00 बजे तक खुलेगा।** निर्धारित तिथियों में पंजीकृत अभ्यर्थी ही काउन्सिलिंग प्रक्रिया के आगामी विभिन्न चरणों में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह होगें।

2. उत्तराखण्ड नीट पी0जी0–2024 हेतु आन–लाईन पंजीकरण की कार्यवाही आगामी चरणो हेतु नही खोला जायेगा एवं न ही इस संबंध में किसी भी अभ्यर्थी के आवेदन पर विचार किया जायेगा।
3. नीट पी0जी0–2024 उत्तराखण्ड केन्द्रीयकृत काउन्सिलिंग हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गयी पंजीकरण प्रक्रिया में राज्य पी0एम0एच0एस0 उत्तराखण्ड के नियमित चिकित्सकों को महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, देहरादनू से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरान्त दुर्गम क्षेत्र में कार्य करने का प्रमाण पत्र प्राप्त कर महानिदेशक से प्रतिहस्ताक्षरित करा कर काउन्सिलिंग हेतु **यथा स्थान अपलोड करना होगा, जिससे अभ्यर्थियों को 10 से 30 प्रतिशत दुर्गम क्षेत्र में दी गयी सेवा का लाभ प्राप्त हो सके, 10 से 30 प्रतिशत अधिमानी अंक का लाभ हेतु निश्चायक तिथि 15.08.2024 निर्धारित है।**
4. एन0बी0ई0एम0एस0, भारत सरकार के निर्देशो के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा उत्तराखण्ड में पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर एन0बी0ई0एम0एस, भारत सरकार को प्रेषित की जायेगी।
5. काउन्सिलिंग हेतु पूर्व से पंजीकृत अभ्यर्थियों को पुनः पंजीकरण कराये जाने की आवश्यकता नही है।
6. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना पंजीकरण निर्धारित समयावधि में विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट www.hnbumu.ac.in पर निर्धारित तिथियों में पूर्ण करा ले, किसी अभ्यर्थी द्वारा अपना पंजीकरण की कार्यवाही, अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं दुर्गम क्षेत्र में कार्य का लाभ नही लिया है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी, काउन्सिलिंग बोर्ड की कोई भी जिम्मेदारी नही होगी।

भविष्य में भी नीट पी0जी0–2024 काउन्सिलिंग से संबंधित समस्त जानकारी/सूचनाऍ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट www.hnbumu.ac.in के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी। अतः प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है वे समय –समय पर विश्वविद्यालय की वैबसाईट का अवलोकन करते रहें।

नोटिस प्रकाशन तिथिः– 10.01.2025

सदस्य सचिव
नीट पी0जी0–2024
उत्तराखण्ड केन्द्रीयकृत काउन्सिलिंग बोर्ड